मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 ■ अंक : 248 ■ बुधवार, 25 दिसंबर 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

यकीन था कि फिल्म हिट साबित होगी, लेकिन नतीजों ने सभी को चौंका दिया

# दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या

- चक्कीनाका इलाके से गायब हुई 13 वर्षीय लड़की
- बापगांव कब्रिस्तान के पास नग्न अवस्था में मिला शव
- कल्याण में मचा हड़कम्प
- कोलसेवाड़ी पुलिस जांच में जुटी



मौके पर जांच में जुटी पुलिस



**कल्याण.** कल्याण कोलसेवाड़ी इलाके में एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार किया गया और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। मंगलवार दोपहर उसका शव भिवंडी बापगांव इलाके में कब्रिस्तान के पास नग्न अवस्था में मिला। कोलसेवाड़ी और पडघा पुलिस इसकी जांच कर रही है. बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंबई भेज दिया गया है.

कल्याण पूर्व के कोलसेवाड़ी इलाके में रहने वाली 13 साल की नाबालिग लड़की का सोमवार को अपहरण कर लिया गया. लड़की के माता-पिता ने कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। चक्की नाका इलाके में रहने वाली लड़की ने सोमवार सुबह दुकान से खाना लाने के लिए अपनी मां से बीस रुपये लिए। जब वह मां के दिये पैसे लेकर दुकान पर गयी तो वापस घर नहीं लौटी. काफी देर बाद भी बच्ची घर नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश की। आठ से नौ घंटे बाद भी लड़की का पता न चलने पर परिवार ने कोलशेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

भिवंडी बापगांव इलाके में मंगलवार सुबह जानकारी सामने आई कि इस गांव के कब्रिस्तान के पास एक सुनसान जगह पर 13 साल की नाबालिग लड़की की बेरहमी से हत्या कर दी गई. इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पडघा पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची. पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, कल्याण शहर के कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन क्षेत्र की एक 13 वर्षीय नाबालिग स्कूली छात्रा सोमवार शाम 4 बजे से लापता थी. स्थानीय पुलिस अपहृत लड़की की तलाश कर ही रही थी कि मंगलवार की सुबह बापगांव में कब्रिस्तान के पास सुनसान जगह पर लड़की का शव मिला.

## आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर परिवार को न्याय दें : विधायक सुलभा गायकवाड



**कल्याण कोलसेवाड़ी इलाके में हुई दिल दहला देने वाली घटना से पूरा शहर हिल गया है. 13 वर्षीय नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में कल्याण पूर्व विधायक सुलभा गायकवाड़ ने मंगलवार को पुलिस उपायुक्त अतुल झेंड़े से मुलाकात की और मामले की विस्तृत जानकारी ली। इस समय विधायक ने इस गंभीर घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की.**

# नशे में धुत्त कार चालक ने रिक्शा व एक्टिवा को उड़ाया




- 5 घायल
- वीनस चौक की घटना
- घायलों की हालत गंभीर

**उल्हासनगर.** शहर में दिन-ब-दिन हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है, नशे में चूर कार चालक ऐसे भयंकर हादसों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में उल्हासनगर कैंप 4 स्थित वीनस चौक पर एक बड़ा हादसा हुआ है, यहां एक नशे में धुत्त कार चालक ने तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए पांच लोगों को टक्कर मार दी है.

इस हादसे में कार चालक समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है. यह हादसा आज मंगलवार सुबह करीब 5 बजे हुआ. यह कार ड्राइवर वीनस चौक इलाके से तेज रफ्तार में अपनी कार ले जा रहा था, तभी उसने एक रिक्शा और एक्टिवा व सड़क पर चल रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार चालक के नशे में होने के कारण यह हादसा हुआ। घायलों के नाम रिक्शा चालक दशरथ मोरे व एक्टिवा चालक दीपक पाटकर, भाजी विक्रेता गुप्ता बताया गया है। कार चालक व उसका मित्र भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

# प्रलंबित मांगों पर मनपा कर्मियों का आंदोलन



- उल्हासनगर मनपा के बाहर आंदोलन
- मांगें नहीं मानी तो उग्र आंदोलन
- कर्मचारियों में नाराजगी
- आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में महानगर पालिका कर्मचारियों के प्रलंबित समस्याओं का समाधान न होने के कारण मंगलवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण मनपा कर्मचारी संघ ने आज विरोध प्रदर्शन किया, कामगार कर्मचारी सेना के अध्यक्ष दिलीप थोरात के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मनपा के गेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया.

प्रलंबित समस्याओं व मांगों के संदर्भ में बार-बार निवेदन दिए जाने के बावजूद मनपा इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है. मनपा अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित करने के लिए उक्त आंदोलन किया गया. इस मौके पर मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने कामगार सेना को पत्रक देकर बैठक में आमंत्रित किया, अगले कुछ दिनों में लंबित समस्याओं और मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी भी इस दौरान दी गयी.

# मनपा स्वास्थ्य विभाग की ओर से 'जीरो वेस्ट अभियान'

- गीला व सूखा कचरा अलग करने पर मनपा का जोर
- नागरिकों से सहयोग करने की अपील



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर की स्वच्छता में एक नया अध्याय शुरू हो गया है. मनपा के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने 'जीरो वेस्ट अभियान' शुरू किया है। इस पहल के माध्यम से न केवल कचरा संग्रहण और निपटान बल्कि पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण को आगे लाया जा रहा है। मनपा आयुक्त विकास ढाकने के नेतृत्व में इस क्रांतिकारी पहल की शुरुआत वार्ड 18 से हुई है.

'जीरो वेस्ट अभियान' का मुख्य उद्देश्य कचरे को उचित रूप से वर्गीकृत करना और उसका स्थायी निपटान करना है। इस योजना के तहत गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करने पर जोर दिया जा रहा है. उल्हासनगर मनपा ने विशेष विधि तैयार की है, जिसमें जैविक कूड़े को खाद में बदला जाएगा। साथ ही सूखे कचरे को एकत्र कर उसका पुनर्चक्रण या उचित प्रबंधन किया जाएगा।

उल्हासनगर मनपा ने पूर्व नगरसेविका अंजलि साल्वे के वार्ड 18 में इस अभियान की शुरुआत करते हुए नागरिकों के लिए एक विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में नागरिकों को गीला-सूखा कचरा वर्गीकरण की प्रक्रिया समझायी गयी। साथ ही कचरा प्रबंधन में उनकी भूमिका कितनी अहम है.

इस पहल के उद्घाटन के मौके पर उल्हासनगर मनपा के सहायक आयुक्त गणेश शिम्पी ने कहा, 'जीरो वेस्ट अभियान' न केवल स्वच्छता का मामला है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण कदम है। नागरिकों को अपने यहां सूखा व गीला कचरे को अलग कर मनपा का सहयोग करना चाहिए।

साथ ही इस बैठक में पूरे भारत में शून्य अपशिष्ट मिशन को सफलतापूर्वक लागू करने वाली अर्चना मोरे के बहुमूल्य मार्गदर्शन का भी लाभ मिला.

उल्हासनगर मनपा का जीरो वेस्ट अभियान उल्हासनगर शहर को न केवल स्वच्छ बल्कि पर्यावरण अनुकूल भी बनाएगा। प्रत्येक नागरिक को इस गतिविधि में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए और एक स्वच्छ और हरा-भरा शहर बनाने की पहल करनी चाहिए।

**जीरो वेस्ट अभियान सिर्फ एक पहल नहीं बल्कि उल्हासनगर शहर की स्वच्छता यात्रा का एक नया चरण है। इस अभियान के माध्यम से, हम नागरिकों को कचरे का उचित वर्गीकरण और प्रबंधन करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य गीले कचरे को खाद में परिवर्तित करना और सूखे कचरे का पुनर्चक्रण करके पर्यावरण की मदद करना है। मनपा प्रशासन का पूरा प्रयास है कि उल्हासनगर शहर स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनेगा . इसके लिए नागरिकों को सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए और मनपा के प्रयासों का समर्थन करना चाहिए।**

**- गणेश शिंपी,** सहायक आयुक्त, महानगर पालिका

## KDMC अधिकारी पर महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ करने का आरोप

**कल्याण.** शिवसेना महिला अघाड़ी ने गंभीर आरोप लगाया है कि कल्याण डोंबिवली मनपा के जल आपूर्ति विभाग के एक अधिकारी ने एक महिला कर्मचारी के साथ यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ की है. इस अवसर पर शिवसेना महिला जिला संगठक छाया वाघमारे, शहर संगठक नेत्रा उगले, पूर्व नगरसेविका वीणा जाधव, नीतू कोटक, रानी कपोते सहित अन्य महिला पदाधिकारी उपस्थित थीं. कल्याण डोंबिवली मनपा कार्यालय के बी वार्ड कार्यालय में जल आपूर्ति विभाग में कार्यरत जूनियर इंजीनियर सुनील वालुंज पर एक महिला कर्मचारी द्वारा छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है.

# बीजेपी पदाधिकारी पर हमला करने के आरोप में दो गिरफ्तार



**कल्याण.** कल्याण में बीजेपी के वरिष्ठ पदाधिकारी हेमंत परांजपे को दो-तीन अज्ञात लोगों ने पीटकर घायल कर दिया. इस संबंध में बाजार थाने में मामला दर्ज कराया गया है. पुलिस ने संदीप महाले और सूरज भालेराव को गिरफ्तार कर लिया है और तीन अन्य आरोपियों की तलाश जारी है. पुलिस इस हमले के मास्टरमाइंड की तलाश कर रही है. बीजेपी पदाधिकारी हेमंत परांजपे पर दो दिन पहले कल्याण पश्चिम के पारनाका इलाके में दो से तीन लोगों ने हमला किया था. इसमें हेमंत गंभीर रूप से घायल हो गया। कल्याण बाजार पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से जांच शुरू की.

इस मामले की जांच डीसीपी अतुल जेंडे के मार्गदर्शन में चल रही है. इस मामले में बाजार पुलिस ने संदीप महाले और सूरज भालेराव दोनों को गिरफ्तार कर लिया है. उस रात हेमन्त एक शादी में गया था। गाली-गलौज को लेकर हेमंत से बहस हो गई। इस बहस के बाद उनके सहयोगी प्रशांत देशमुख ने परांजपे के साथ अपने दो आदमी भेजे और उन्हें कार से घर छोड़ा. इसी दौरान दोनों ने उनकी पिटाई कर दी. वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज चल रहा है.

# कल्याण कोर्ट में आरोपी ने जज की ओर फेंकी चप्पल

**कल्याण.** कल्याण जिला और सत्र न्यायालय के अतिरिक्त और सत्र न्यायाधीश आर. जी. वाघमारे की अदालत में शनिवार दोपहर अदालती कार्यवाही के दौरान आरोपी ने मामूली बात पर अपनी चप्पल जज की दिशा में फेंकी. इस घटना से कोर्ट में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई. आरोपी के खिलाफ महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में सरकारी काम और पुलिस ड्यूटी में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है.

आरोपी का नाम किरण संतोष भारम (22) है। खडकपाड़ा थाने में दर्ज मामले के अनुसार किरण भारम को शनिवार दोपहर कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आर के समक्ष लाया गया. आरोपी किरण ने कोर्ट से टेबल बदलने की मांग की. कोर्ट ने किरण से कहा कि आप अपने वकील के माध्यम से ऐसी अर्जी दाखिल करें. आरोपी के वकील कोर्ट में पेश नहीं हुए. अदालत ने आरोपी को दूसरा वकील लाने का निर्देश दिया और मामले में अगली तारीख तय की। उसी समय आरोपी ने झुककर अपने पैरों से चप्पल उतारी और जज वाघमारे की ओर फेंक दिया। जज के सामने लकड़ी के मंच के बगल में बैठे कर्मचारियों के सामने चप्पल गिरी। इसकी जानकारी महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में दी गई. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ज्ञानेश्वर साबले ने घटनास्थल का दौरा किया। पुलिस नियंत्रण कक्ष के उपनिरीक्षक अरुण कोकिटकर की शिकायत पर महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में किरण के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

# आईटीआई का नाम 'दादा वासवानी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान'




**उल्हासनगर.** सिंधी समुदाय को गौरवान्वित करने वाला क्षण मंगलवार को आया, जब उल्हासनगर आईटीआई का नाम दादा वासवानी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रखा गया। विधायक कुमार आयलानी के लगातार प्रयास से यह संभव हो सका और नामकरण समारोह का उद्घाटन विधायक कुमार आयलानी ने किया.

कौशल एवं रोजगार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा से मांग की गई थी कि आईटीआई का नाम दादा वासवानी के नाम पर रखा जाना चाहिए. दादा वासवानी सिंधी समुदाय के महान संत थे, जिन्होंने इस संस्था का नाम समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया। अंततः मंगलप्रभात लोढ़ा ने इसे मंजूरी दे दी और मंगलवार को शहर के सभी नागरिक इस गौरवपूर्ण क्षण के गवाह बने.

इस अवसर पर विधायक कुमार आयलानी, शिक्षक विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे, मोहन बलानी, आईटीआई के प्राचार्य वंशीलाल सोनकांबले, आईएमसी अध्यक्ष जनार्दन पांडे, जय मोतियानी, रमेश सहवानी सहित कई लोग उपस्थित थे.

## अंबरनाथ बुवापाड़ा में मंडला पूजा महोत्सव आज से



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में श्री अयप्पा एवं देवी भजन मंदिर, बुवापाड़ा लादी नाका में 3 दिवसीय मंडला पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया है. ये महोत्सव 25, 26 एवं 27 दिसंबर को होगा. 25 दिसंबर बुधवार को विशेष पूजा का आयोजन किया गया है. साथ ही दोपहर में अन्नदान, भोजन किया जाएगा. 26 दिसंबर को गणपति होमम अष्टमूर्ति थरिमनी द्वारा होगा. रात में वशियल पूजा, चेंदामेलम, नारी दीपम, दीपाराधना और भजन कार्यक्रम होगा.

27 दिसंबर शुक्रवार को दोपहर में अन्नदान और रात्रि भोज होगा. ऐसी जानकारी मंडल की ओर से दी गई है. गत 28 वर्षों से ये पूजा महोत्सव किया जा रहा है. इस वर्ष महोत्सव का 29वां वर्ष है. तीनों दिन के पूजा महोत्सव एवं अन्नदान का लाभ उठाने की विनती मंडल द्वारा की गई है.






**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## कुवैत के साथ भारत का नया अध्याय

बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत और कुवैत के बीच साझेदारी के जिस नए अध्याय की शुरूआत हुई है, वह दोनों देशों के लिए बेहद अहम है। यों आर्थिक और कूटनीतिक स्तर पर भारत-कुवैत के रिश्ते काफी पुराने हैं, लेकिन अब दोनों पक्षों के बीच इसे रणनीतिक साझेदारी में बदलने पर सहमति बनी है और कुछ अहम समझौतों पर हस्ताक्षर भी हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुवैत के अमीर शेख मेसल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के बीच रविवार को हुई व्यापक वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में आतंकवाद के खिलाफ मोर्चेबंदी में आपसी सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया गया और सीमा पार से संचालित सभी तरह के आतंकवाद की साफ शब्दों में निंदा की गई।

### आतंकवाद को लेकर कुवैत की ओर से जारी यह स्पष्टता भारत के लिहाज से इसलिए महत्त्वपूर्ण

खासकर सीमा पार आतंकवाद को लेकर कुवैत की ओर से जारी यह स्पष्टता भारत के लिहाज से इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि यहां के जम्मू-कश्मीर जैसे पाकिस्तान की सीमा से सटे इलाके इस समस्या से बहुत बुरी तरह प्रभावित रहे हैं। पाकिस्तान स्थित ठिकानों से संचालित आतंकी गतिविधियां भारत के लिए एक बड़ी चुनौती रही हैं।

गौरतलब है कि करीब तैंतालीस वर्षों के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का यह पहला कुवैत का दौरा है, जिसमें भारत और कुवैत के बीच साझेदारी के जिन आयामों पर सहमति बनी है, उसे अरब देशों में भारत के कूटनीतिक मोर्चे के मजबूत होने के तौर पर देखा जा रहा है। कुवैत की कुल तैंतालीस लाख की आबादी में करीब दस लाख भारतीय हैं और कुल श्रमिकों में तीस फीसद और बड़ी संख्या में इंजीनियर तथा वित्तीय क्षेत्र के पेशेवर भारत से गए लोग हैं।

इस दृष्टि से देखें तो आर्थिक संबंधों में गति लाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि, फिनटेक, बुनियादी ढांचे आदि के क्षेत्र में हुए समझौते और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर बनी सहमति का आने वाले वक्त में सकारात्मक असर पड़ेगा। उम्मीद की जा सकती है कि अब कुवैत में औषधि के क्षेत्र में भारत का निर्यात बढ़ेगा, वहीं कच्चे तेल, गैस और पेट्रोकेमिकल उत्पाद के आयात के समांतर अब रक्षा क्षेत्र में साझेदारी की बुनियाद पर दोनों देशों के बीच संबंधों में और मजबूती आएगी।

# सत्तापक्ष एवं विपक्ष में तल्ख बयानबाजी की भेंट चढ़ा संसद सत्र

संसद के हालिया सत्र का एक बड़ा हिस्सा विवादित अमेरिकी उद्यमी जार्ज सोरोस को लेकर सत्तापक्ष एवं विपक्ष में तल्ख बयानबाजी की भेंट चढ़ गया। सोरोस उस अधिनायकवादी और साम्राज्यवादी विचारधारा के प्रतीक हैं, जो अपने वैश्विक दृष्टिकोण और व्यापारिक-रणनीतिक हितों के लिए वैश्विक भूगोल, इतिहास और संस्कृति को बदलने पर आमादा हैं। याद रहे कि पारंपरिक औपनिवेशवाद के दिन अब लद चुके हैं। अब न तो सैन्यबल से किसी समाज को नष्ट किया जाता है और न ही किसी देश पर कब्जे से। इसके बावजूद साम्राज्यवादी मानसिकता का अंत नहीं हुआ है। उसने केवल अपना चोला बदला है। अब इसके हथियार सांस्कृतिक, सामाजिक, मजहबी और आर्थिकी पर गढ़ा जाने वाला नैरेटिव है। विदेशी ताकतें लक्षित देशों में बिकाऊ लोगों की एक फौज खड़ी करती हैं, जो लोग इशारा मिलते ही उनके बनाए नैरेटिव पर अपने देश को विरूपित करना शुरू कर देते हैं। इससे माहौल बिगड़ना शुरू हो जाता है।



अपने कुत्सित इरादों की पूर्ति के लिए सोरोस ने दुनिया भर में दांव लगाए हैं। इसी कड़ी में 94 वर्षीय सोरोस ने कई अमेरिकी मीडिया संस्थाओं में निवेश किया है। उनकी कुल संपत्ति 44 अरब डालर है, जिसका बड़ा हिस्सा उन्होंने 'मानवाधिकार' और 'लोकतंत्र' के नाम पर खर्च किया है। इस उपक्रम का उद्देश्य दुनिया को अपनी कल्पना के अनुरूप ढालना और अपने एजेंडे को आगे बढ़ाना है। यही कारण है कि सोरोस पर दुनिया के कई देशों की राजनीति और समाज को प्रभावित करने का आरोप है। वर्ष 1992 में इंग्लैंड के बैंकों को बर्बाद करके अकूत धन अर्जित करना, 1997 में थाइलैंड की करेंसी को गिराना, 2002 में फ्रांसीसी अदालत द्वारा अनैतिक-अनधिकृत व्यापार का दोषी ठहराना और कई देशों द्वारा सोरोस की संस्थाओं पर जुर्माना-प्रतिबंध लगाना इसके कुछ उदाहरण हैं। सोरोस और उनकी संस्था अपने नापाक एजेंडे की पूर्ति के लिए अक्सर समाजसेवा और परोपकार का मुखौटा लगाए रहते हैं।

भारत सहित तमाम देश विदेशी ताकतों के व्यापक हस्तक्षेप के भुक्तभोगी रहे हैं। इसके प्रभावों की गहन पड़ताल भी हुई है। राजनयिक नरेंद्र सिंह सरीला ने अपनी पुस्तक 'विभाजन की असली कहानी' में लिखा कि अंग्रेजों ने दुनिया के इस हिस्से में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए भारत का विभाजन करके इस्लामी पाकिस्तान को जन्म दिया था। इसके लिए अंग्रेजों ने 'भारतीयों' का ही उपयोग किया। अब सोरोस जैसे लोग भी उसी काम में लगे हैं।

बीते दिनों सीरिया में जो हुआ, वह किसी से छिपा नहीं। उससे पहले बांग्लादेश भी नाटकीय घटनाक्रम का साक्षी बना। यह सब विदेशी शक्तियों के हस्तक्षेप और संघर्ष का परिणाम रहा। ऐसे में सोरोस का भारत के आंतरिक मामले में बार-बार दखल देना और उन्हें मिल रहा प्रत्यक्ष-परोक्ष भारतीय समर्थन हमें इतिहास के काले पन्नों की ओर ले जाता है। क्रूर आक्रांता औरंगजेब की मृत्यु के बाद भारत में मुगल शासन कमजोर पड़ा तो मराठा परचम अटक से कटक तक लहरा रहा था। तब सूफी प्रचारक शाह वलीउल्लाह देहलवी ने अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली को भारत पर आक्रमण के लिए लंबी चिट्ठी लिखी, क्योंकि वह 'काफिर' मराठों को पराजित कर भारत में पुनः इस्लामी राज स्थापित करना चाहता था। जब 1761 में पानीपत की तीसरी लड़ाई हुई, तब वलीउल्लाह द्वारा आमंत्रित अब्दाली को भारत में पश्तून रोहिल्लाओं, बलूचियों, शुजाउद्दौला आदि नवाबों के साथ स्थानीय मुस्लिमों का समर्थन मिला और उन्होंने मिलकर मराठों को पराजित कर दिया। इसने मराठाओं का बल घटा दिया, जो वर्ष 1803 के दिल्ली (पटपड़गंज) युद्ध में मराठों की अंग्रेजों के हाथों मिली पराजय का एक बड़ा कारण बना। वलीउल्लाह के विचार ही तालिबान के आधार रहे।

यदि 18वीं शताब्दी में 'अपनों' ने अब्दाली को बुलाया नहीं होता या फिर मीर जाफर-जयचंद ने 'अपनों' को धोखा नहीं दिया होता, तो संभवतः भारत का इतिहास कुछ और होता। दुर्भाग्य से अब भी बहुत कुछ वैसा ही है। अपने निहित स्वार्थ की पूर्ति हेतु आज भी कई 'अपने' आत्मसम्मान और हितों को दांव पर लगा रहे हैं। कई अवसरों पर कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी असंतोष जता चुके हैं कि अमेरिका या कोई यूरोपीय देश भारत के आंतरिक मामलों पर कुछ क्यों नहीं बोलते।




# खालिस्तानी संगठन को पुलिस ने किया तहस-नहस

पिछले कुछ वर्षों से पंजाब में खालिस्तानी अलगाववाद की आग फिर से लहकाने की कोशिश हो रही है। इसके तार ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका और सीमावर्ती पाकिस्तान से जुड़े पाए गए हैं। हालांकि पंजाब पुलिस और खुफिया एजेंसियों की तत्परता से ऐसी कोशिशों को समय रहते नाकाम कर दिया गया, मगर अब भी कुछ युवा गुमराह होकर इस रास्ते पर निकलते देखे जाते हैं। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में मारे गए तीन खालिस्तान समर्थक युवा इसके ताजा उदाहरण हैं। ये तीनों खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के सदस्य बताए जा रहे हैं।

इस संगठन का अगुआ रणजीत सिंह नीता है और इसे ग्रीस में रहने वाले जसविंदर सिंह मन्नू द्वारा संचालित किया जाता है। बताया जा रहा है कि इस संगठन को ब्रिटेन में रहने वाले और ब्रिटिश सेना में सेवारत जगजीत सिंह द्वारा नियंत्रित किया जाता है। पीलीभीत में मारे गए तीनों युवकों को पंजाब पुलिस को तलाश थी। उन पर आरोप था कि उन्होंने गुरदासपुर की पुलिस चौकी पर हथगोले से हमला किया था। पंजाब पुलिस उनका पीछा करते हुए पीलीभीत पहुंची थी और वहां की पुलिस को इन तीनों के बारे में जानकारी दी थी। दोनों पुलिस दल के संयुक्त अभियान में तीनों अलगाववादियों को मार गिराया गया।

अच्छी बात है कि पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए वांछित अपराधियों का पीछा किया और उनकी तरफ से किए गए हमले का सावधानी से सामना किया। मगर पंजाब में अलगाववादी चरमपंथियों का मनोबल अब भी तोड़ने में कामयाबी नहीं मिल पा रही है, तो यह चिंता की बात है। मारे गए चरमपंथियों के पास से अत्याधुनिक हथियार और भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद किया गया है।



माना जा रहा है कि ये तीनों उत्तर प्रदेश से सटी नेपाल की सीमा में घुसपैठ कर जाना चाहते थे। जहां वे मुठभेड़ में मारे गए, वहां से नेपाल की सीमा थोड़ी ही दूरी पर है। पंजाब भी सीमावर्ती राज्य है और पाकिस्तान से जब-तब आतंकी चुनौतियां मिलती रहती हैं। मारे गए युवकों के पास से बरामद हथियार उन तक कहां से पहुंचे, यह फिलहाल जांच का विषय है, पर अंदाजा लगाना कठिन नहीं कि सीमा पार से उन्हें मदद मिली होगी।

हालांकि पंजाब में पाकिस्तान से लगी सीमा के पचास किलोमीटर के दायरे में सीमा सुरक्षा बल को निगरानी, जब्ती, गिरफ्तारी आदि की शक्तियां दे दी गई हैं। पहले केवल पंद्रह किलोमीटर के दायरे में वह निगरानी रख सकता था। इसके बावजूद ड्रोन आदि के जरिए वहां हथियार गिराने की अक्सर घटनाएं हो जाती हैं।

यह ठीक है कि पंजाब में खालिस्तान की मांग जोर नहीं पकड़ रही है और न इसकी गुंजाइश नजर आती है, मगर विदेश में बैठे कुछ चरमपंथी पंजाब के युवाओं को गुमराह कर हाथ में बंदूक उठाने को प्रेरित करने में कामयाब हो जा रहे हैं, तो यह चिंता की बात है। हालांकि भारत सरकार कनाडा आदि की सरकारों को ऐसे चरमपंथियों के बारे में दस्तावेज सौंपती और कार्रवाई की मांग करती रही है, मगर उनका अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता।

कनाडा के साथ तो इस मसले पर रिश्ते खराब हो चुके हैं। ऐसे में सरकार को अपने स्तर पर ही अधिक चौकस और पैनी निगाह रखनी पड़ेगी। खुफिया एजंसियों को ऐसी गतिविधियों पर अधिक चौकन्ना होकर नजर रखने की जरूरत है। अगर सीमा पार से ऐसे लोगों को मदद मिल पा रही है, तो इसे लेकर व्यावहारिक उपाय जुटाने होंगे।

# 'बीड़ी कुमारी संग कैंसर कुमार!' शादी का अनोखा कार्ड

जरा हट के

शादी के सीजन में इन दिनों काफी चीजें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. कभी दूल्हा-दुल्हन के वीडियोज वायरल होने लग रहे हैं तो कभी उनकी शादी में छपा कार्ड चर्चा का विषय बन जा रहा है. इन दिनों ऐसा ही एक कार्ड वायरल हुआ, जिसे पढ़ने के बाद लोग इस शादी में जाने से ही डर जाएंगे. वो इसलिए क्योंकि इस कार्ड में काफी अजीबोगरीब चीजें लिखी हुई हैं. देखने से ये असली कार्ड नहीं लग रहा है, सिर्फ वायरल होने के उद्देश्य से छपा कार्ड मालूम हो रहा है. न्यूज18 हिन्दी इस कार्ड के सही होने का दावा नहीं करता.

इंस्टाग्राम अकाउंट @vimal_official_0001 पर हाल ही में एक शादी का कार्ड पोस्ट किया गया है जिसमें दूल्हा-दुल्हन के नाम से लेकर बाकी सारी डीटेल्स तक बहुत अजीब तरह से लिखी है. कार्ड का एक-एक वाक्य अपने में हैरान करने वाला है. सबसे




ऊपर लिखा है- "खतरनाक विवाह-मासूम बराती" उसके नीचे लिखा है- अमंगल गुटखा खाद्यम, धूम्रपानम्, अमंगलम्, सर्वव्यसनम्, कराये मते बीड़ी, करमघ्ये, चुरुटम, करमूले, स्थिति गुटखा प्रभाते कर दर्शनम्.

दूल्हन के नाम इस तरह लिखा है- दुर्भाग्यवती- बीड़ी कुमारी उर्फ सिगरेट देवी, कुपुत्री- तंबाकू लाल जी एवं सुल्फी देवी. निवास भी काफी रोचक है- 420 यमलोक हाऊस, दुख नगर.

वहीं दूल्हे के बारे में इस प्रकार लिखा है- कैंसर कुमार उर्फ लाइलाज बाबू, कुपुत्र- गुटखा लाल जी और भागं देवी. निवास है- गलत रास्ता, व्यसनपुर (नशा प्रदेश). आगे लिखा है- परिणय सूत्र आत्महत्या बंधन. विवाह समय अनिश्चित है. वहीं विवाह स्थल शमशान घाट है. बाकी अन्य चीजें भी आपको इस कार्ड में पढ़ने को मिलेंगी. गांव का नाम मझौल है, जो बिहार में है. इसे पढ़कर एक बात तो समझ आ रही है कि कार्ड को व्यंग्य के रूप में लिखा गया है और जागरूकता फैलना इसका मकसद लग रहा है.

# तेजी से वजन घटाने में मदद करेंगे ये कारगर उपाय

**वजन घटाने के लिए हम सब क्या-क्या नहीं करते हैं? जिम में घंटों पसीना बहाने से लेकर डाइटिंग और तरह-तरह से डाइट प्लान को अपनाना। पर क्या तमाम कोशिशों के बाद भी आपको लाभ नहीं मिल रहा है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वजन घटाने के लिए सिर्फ डाइटिंग या व्यायाम से काम नहीं चलेगा। इसके लिए दिनचर्या में कुछ विशेष बदलाव जरूरी हैं। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।**

**फिटनेस ट्रेनर सुनील शेट्टी ने तेजी से वजन घटाने के लिए चार कारगर उपाय बताए हैं जिनका पालन करके आप आसानी से वेट लॉस कर सकते हैं।**



### 1. अच्छी नींद लेना बहुत जरूरी है

फिटनेस ट्रेनर कहते हैं, शरीर को फिट रखने और वेट लॉस के लिए सिर्फ शारीरिक मेहनत करते रहना ठीक नहीं है। शरीर को आराम देना और नींद पूरी करना सेहत को ठीक रखने के लिए महत्वपूर्ण है। सुनील कहते हैं, सभी लोगों को रोज रात में 7-9 घंटे की अच्छी नींद लेने को प्राथमिकता देनी चाहिए। रात की अच्छी नींद वजन घटाने में आपके लिए मददगार है।

सोने का एक निश्चित समय तय करें. अच्छी नींद पाने के लिए नट्स और हल्दी वाले दूध का सेवन करना लाभकारी है। सोने से एक घंटे पहले किसी प्रकार के स्क्रीन जैसे मोबाइल-लैपटॉप, टीवी का इस्तेमाल न करें।

### 2. शरीर को आराम देना भी आवश्यक

अगर आपको लगता है कि सिर्फ व्यायाम करते रहने या दौड़ते-भागते रहने से वजन घटता तो यहां शायद आप गलत हो सकते हैं। सुनील बताते हैं, व्यायाम तो जरूरी है ही इसके साथ मांसपेशियों को रिकवर होने और बर्नआउट से बचने के लिए हफ्ते में 1-2 दिन आराम करें। शरीर को सक्रिय जरूर रखें। नियमित वॉक या योग के साथ पौष्टिक चीजों के सेवन का संयोजन आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।

### 3. कैलोरी इंटेक पर रखें ध्यान

फिट रहने का सबसे आसान फार्मूला है आप रोज जितनी कैलोरी का इंटेक कर रहे हैं उससे ज्यादा कैलोरी बर्न करें। कई लोग अक्सर वीकेंड पर डाइट चीट करते हैं। इस दौरान कैलोरी इंटेक पर खास ध्यान रखें। चिप्स की जगह घर का बना पॉपकॉर्न, डेजर्ट की जगह डार्क चॉकलेट और मीठे पेय की जगह फलों का जूस लें। प्रोटीन से भरपूर स्नैक्स के लिए भुने हुए मखाने या पनीर का सेवन करें। आहार को ठीक रखना वेट लॉस करने के लिए बहुत जरूरी है।

### 4. तनाव प्रबंधन जरूरी

अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग अधिक स्ट्रेस लेते हैं, उनमें वजन बढ़ने का खतरा भी अधिक होता है, इसलिए तनाव प्रबंधन आपके लिए बहुत जरूरी है। इसके लिए रोजाना वॉक करें, गहरी सांस वाले अभ्यास करें और तनाव कम करने वाले खाद्य पदार्थों जैसे कि ग्रीन टी, पालक, अखरोट और कद्दू के बीज को आहार में शामिल करें।

# तीखी हरी मिर्च की चटनी

खाना-खजाना

**रोज के खाने को टेस्टी और चटपटा बनाने में चटनी खूब मदद करती है। आपके घर में सबको तीखा खाना पसंद है तो हरी मिर्च से मजेदार चटनी बनाकर रख लें। इस चटनी की खासियत है कि ये महीनों तक खराब नहीं होगी अगर इसे ठीक से स्टोर करके रख लिया। तो चलिए जानें कैसे बनाएं मजेदार चटपटी और तीखी हरी मिर्च की चटनी।**

### सामग्री

- लाल मिर्च 3
- गोल लाल मिर्च 3-4
- हरी मिर्च 4-5
- लहसुन की कलियां 15-20
- हरे लहसुन के पत्ते
- धनिया के पत्ते
- नमक स्वादानुसार
- विनेगर एक चौथाई कप
- सरसों का तेल दो चम्मच
- जीरा आधा चम्मच
- कलौंजी आधा चम्मच
- हींग

### रेसिपी

सबसे पहले फ्रेश हरी धनिया के पत्तों और लहसुन के पत्तों को अच्छी तरह से धोकर सुखा लें। ये



काम एक दिन पहले ही करके रख लें। जिससे धनिया और लहसुन में पानी का अंश ना हो। नहीं तो चटनी खराब हो सकती है। अब मिक्सी के जार में हरी मिर्च लें, आप चाहें तो प्लेन केवल हरी मिर्च ही ले सकते हैं। बाकी मिर्च जरूरी नही है।

इन हरी मिर्च के साथ ढेर साले लहसुन की कलिया, हरी धनिया के पत्ते, लहसुन के पत्ते डालें।

अब पीसने के लिए इसमे एक चौथाई कप व्हाइट विनेगर डाल दें। ध्यान रहे कि पानी का इस्तेमाल पीसने के लिए नहीं करना है। केवल विनेगर की मदद से इसे पीस लें। साथ में नमक भी मिक्स कर दें। अब किसी सूखे कांच के बाउल में मिक्सचर को निकालकर रख दें। पैन में तेल डालें। तेल गर्म होते ही जीरा और कलौंजी डालें। साथ ही हींग भी डाल दें। बस तैयार तड़के को चटनी के ऊपर तेल सहित डाल दें। अच्छी तरह से मिक्स करें। एयर टाइट जार में भरने से पहले जार को स्मोक से गर्म कर लें। जिससे महक भी आए और चटनी खराब भी ना हो। बस तैयार है टेस्टी हरी मिर्च और लहसुन की चटनी, ये लगभग एक महीना तक खराब नहीं होगी।

# 100 साल तक हार्ट रहेगा हेल्दी!

## अमेरिकन डॉक्टर के बताए 2 गोल्डन रूल करें फॉलो

आज के दौर में हार्ट से जुड़ी परेशानियां तेजी से बढ़ रही हैं. बड़ी संख्या में लोग हार्ट अटैक का शिकार होकर अपनी जान गंवा रहे हैं. युवाओं पर भी हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता जा रहा है. हार्ट को हेल्दी रखने के लिए लोग कई तरीके अपनाते हैं, लेकिन इसके बावजूद वे इससे जुड़ी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं. हालांकि कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखा जाए तो लंबी उम्र तक दिल की सेहत को बेहतर बनाए रखा जा सकता है. कार्डियोलॉजिस्ट की मानें तो सिर्फ 2 गोल्डन रूल्स को फॉलो कर लिया जाए, तो दिल की बीमारियों से बचा जा सकता है.

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक छोटे-छोटे नियमों से आप अपने दिल को स्वस्थ रख सकते हैं. ओहायो के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. डेविड सैबगिर ने द पोस्ट को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि दिल को स्वस्थ रखने के 2 नियम होते हैं, जो लाइफस्टाइल में बिना किसी बदलाव के फॉलो किए जा सकते हैं. ये नियम आपको दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं और इनका पालन करना बेहद आसान है. इसके लिए सबसे पहला नियम है- रोज वॉक करना. रोजाना वॉक करने से



हार्ट को कई फायदे मिलते हैं. विशेष रूप से जब आप छुट्टियों का आनंद ले रहे हों, तब वॉक जरूर करें.

वॉकिंग से सेहत को कई गजब के फायदे मिल सकते हैं. इससे पाचन तंत्र में सुधार हो सकता है और मूड बेहतर हो सकता है. इसके अलावा दिल की सेहत के लिए वॉकिंग बेहद लाभकारी है. रोजाना वॉक करने से ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और बॉडी मास इंडेक्स (BMI) जैसे हार्ट डिजीज के प्रमुख फैक्टर्स को कम करने में मदद मिलती है. वॉक एक लो इंटेंसिटी एक्सरसाइज है, जिससे शरीर पर कम दबाव पड़ता है. हालिया रिसर्च के अनुसार हफ्ते में तीन बार 5000 स्टेप्स चलने से लाइफ एक्सपेक्टेंसी में 3 साल का इजाफा हो सकता है.

दिल को हेल्दी रखने का दूसरा गोल्डन रूल होता है शरीर को हाइड्रेटेड रखना. डॉ. सैबगिर का कहना है कि दिल के स्वास्थ्य के लिए पानी पीना बहुत जरूरी है. पानी पीने से न सिर्फ शरीर हाइड्रेटेड रहता है, बल्कि यह भूख को भी नियंत्रित करता है. खाने से पहले और बाद में पानी पीने से पेट भर जाता है, जिससे आप कम खाने की आदत डाल सकते हैं. पानी न सिर्फ आपके शरीर को हाइड्रेट करता है, बल्कि यह सोडा और एनर्जी ड्रिंक्स जैसी चीजों की खपत को भी कम कर सकता है. इससे ओवरऑल हेल्थ को गजब के फायदे मिल सकते हैं.

कार्डियोलॉजिस्ट की मानें तो वॉकिंग और हाइड्रेशन का कॉम्बिनेशन दिल की सेहत को बेहतर बनाने के लिए एक प्रभावी उपाय हो सकता है. वॉकिंग से ब्लड फ्लो बेहतर होता है और तनाव कम होता है. इससे दिल को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है. इसके अलावा यह इंटरनल ऑर्गन की फंक्शनिंग को भी बेहतर बनाता है. वॉक और हाइड्रेशन से मेंटल हेल्थ भी दुरुस्त हो सकती है. हाइड्रेशन के लाभ केवल पानी पीने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह शरीर के सभी कार्यों को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है और पाचन प्रक्रिया को भी बेहतर बनाता है.

# सर्दियों में फटे रहते हैं होंठ?

**■ इन 4 चीजों को मिलाकर बनाएं होममेड लिप बाम, सॉफ्ट और पिंक हो जाएंगे लिप्स**

ठंड के मौसम में होंठ फटने की समस्या आम है. ऐसे में होममेड लिप बाम एक बेहतरीन और प्राकृतिक उपाय साबित हो सकता है. बाजार में मिलने वाले



लिप बाम में कई तरह के केमिकल से मिलकर बनाए जाते हैं, जो हमारी त्वचा के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं. वहीं, घर पर बने लिप बाम में केवल नेचुरल चीजों का उपयोग होता है, जो हमारी त्वचा को न केवल सेफ रखता है, बल्कि उसे पोषण भी प्रदान करता है.

होममेड लिप बाम बनाने के लिए कुछ साधारण सामग्री की जरूरत होती है, जैसे शहद, नारियल का तेल, बी वैक्स और विटामिन ई. ये सभी सामग्री प्राकृतिक रूप से हाइड्रेटिंग होती हैं और होंठों को मुलायम बनाए रखती हैं. इसके अलावा, शहद में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो होंठों को सूजन और संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं.

लिप बाम बनाने का तरीका भी काफी आसान है. सबसे पहले, नारियल तेल और बी वैक्स को पिघलाकर मिला लिया जाता है. फिर इसमें शहद और विटामिन ई का तेल मिलाया जाता है. जब मिश्रण ठंडा हो जाए, तो इसे किसी छोटे डिब्बे में भरकर रखा जा सकता है. इस प्राकृतिक लिप बाम का नियमित उपयोग आपके होंठों को न केवल मुलायम और सुंदर बनाए रखेगा, बल्कि यह किसी भी केमिकल प्रोडक्ट से कहीं अधिक सुरक्षित होगा.

होममेड लिप बाम का उपयोग करने के लिए इसे हल्के हाथों से होंठों पर लगाएं. दिन में 2-3 बार इसे लगाने से होंठों को नमी और पोषण मिलेगा. यह लिप बाम लंबे समय तक टिकता है और होंठों को मुलायम और गुलाबी बनाए रखता है. इसे हमेशा ठंडी और सूखी जगह पर रखें ताकि यह खराब न हो. इस तरह, होममेड लिप बाम न केवल आपके होंठों की सुरक्षा करता है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है, क्योंकि इसमें किसी भी तरह का प्लास्टिक या रासायनिक पदार्थ का उपयोग नहीं किया जाता.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष** : व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। नौकरीपेशा को आज कर्ज लेना पड़ सकता है। माता को पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**वृषभ** : व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। धन निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बना रहेगा।

**मिथुन** : व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। सुख के साधन प्राप्त होंगे। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक काम करने की इच्छा रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क** : घर परिवार में धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समय अनुकूल है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह** : कुसंगति से बचें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में मातहतों से कहासुनी हो सकती है।

**कन्या** : कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकता है। पत्नी को शरीर में कमर व घुटने आदि के दर्द से परेशानी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें।

**तुला** : धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे।

**वृश्चिक** : किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी वरिष्ठ प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कष्ट व भय सताएंगे।

**धनु** : आज आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश सोच-समझकर करें। पिता को शारीरिक कष्ट संभव है। कारोबार की यात्रा में जल्दबाजी न करें। घर की कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मकर** : प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। व्यापार ठीक चलेगा।

**कुंभ** : कारोबार को लेकर चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। यश-ख्याति बढ़ेगी। दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। कोई मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरीपेशा का आत्मविश्वास बढ़ेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मीन** : नौकरीपेशा पर वर्कलोड हावी रहेगा। आज चोट व रोग से बचें। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। घर में किसी न्यायपूर्ण बात का विरोध हो सकता है। आपकी व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## संक्षेप...

### 33 साल बाद धराया हत्या का आरोपी

**पनवेल.** पनवेल शहर पुलिस ने हत्या के उस आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो 28 जनवरी 1991 को अपनी पत्नी की हत्या कर के 33 साल से फरार चल रहा था.

इस आरोपी ने जब उक्त घटना को अंजाम दिया था, तब उसकी उम्र 37 साथ, अब वह 70 साल का हो गया है. पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट ने आरोपी को 3 जनवरी 2025 तक पुलिस की हिरासत में रखने का आदेश दिया है.

# दिवा स्टेशन के पास रास्ता ही भटक गई वंदे भारत

### ■ जाना था गोवा, पहुंच गई कल्याण



**कल्याण.** देश की सबसे आधुनिक और तेज ट्रेनों में से एक वंदे भारत एक्सप्रेस अपनी शानदार सेवाओं और तेज रफ्तार के लिए जानी जाती है। लेकिन हाल ही में यह ट्रेन एक अजीबोगरीब घटना का शिकार हो गई। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल (CSMT) से गोवा के मडगांव तक जाने वाली यह ट्रेन बीच रास्ते में रास्ता भटक गई और गलत दिशा में पहुंच गई।

वंदे भारत को दिवा स्टेशन से पनवेल की तरफ मुड़ना था, लेकिन तकनीकी खामी के चलते ट्रेन सीधे कल्याण की ओर चल पड़ी। जब रेल अधिकारियों को इस गलती का पता चला, तो उन्होंने तुरंत ट्रेन को कल्याण स्टेशन पर रोका। कुछ देर बाद ट्रेन को सही दिशा में दिवा स्टेशन पर लाया गया और फिर असली गंतव्य की ओर रवाना किया गया। इस गलती की वजह से ट्रेन अपने गंतव्य पर 90 मिनट की देरी से पहुंची।

### 35 मिनट तक रुकी रही ट्रेन

**दिवा स्टेशन पर ट्रेन को करीब 35 मिनट तक रोका गया, जिसके चलते मुंबई लोकल ट्रेन सेवाओं पर भी असर पड़ा। वंदे भारत एक्सप्रेस को गोवा के मडगांव तक सुबह 5 :25 बजे मुंबई से रवाना होकर दोपहर 1:10 बजे पहुंचना था। लेकिन इस गड़बड़ी के कारण यात्रियों को देरी का सामना करना पड़ा। इस घटना ने रेलवे की हाई-टेक सिस्टम और वंदे भारत जैसी प्रीमियम सेवाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि ऐसी घटना दोबारा न हो इसके लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।**

### ■ सिग्नलिंग में तकनीकी खामी

रेलवे अधिकारियों ने इस घटना का कारण सिग्नलिंग और टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम में तकनीकी खामी बताया है। दिवा स्टेशन पर 103 नंबर प्वाइंट पर सिग्नल की समस्या के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि यह खामी दिवा जंक्शन की डाउन फास्ट लाइन और पनवेल रूट के बीच हुई थी।

### महिला वेटर समेत 29 लोगों पर मामला दर्ज

**नवी मुंबई।** रबाले एमआईडीसी पुलिस स्टेशन अंतर्गत आने वाले सेल्फी बार एंड रेस्टोरेंट में बार बालाओं द्वारा अश्लील हरकत किए जाने की शिकायत मिलने पर नवी मुंबई क्राईम ब्रांच पुलिस ने छापेमारी कर 19 बार बालाओं सहित होटल मैनेजर और बार मालिक के साथ कुल 27 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। रबाले एमआईडीसी पुलिस स्टेशन की हद में टीटीसी इंडस्ट्रियल एरिया प्लॉट नंबर आर-71 स्थित सेल्फी बार एंड रेस्टोरेंट में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए बार बालाओं द्वारा अश्लील नृत्य एवं अश्लील हरकतें की जा रही थी।

# बॉस के साथ शारीरिक संबंध बनाओ; पत्नी ने इंकार किया तो दे दिया तलाक

**कल्याण.** कल्याण में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपनी पत्नी को तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया। इसके पीछे कारण था कि पत्नी ने उसके बॉस के साथ शारीरिक संबंध बनाने की मांग को ठुकरा दिया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पति सोहेल शेख ने अपनी दूसरी पत्नी को अपने बॉस के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव



डाला, जिसे पत्नी ने नकार दिया। इसके बाद पति ने उससे अपने मायके से 15 लाख रुपये लाने की मांग की, जिसे वह अपनी पहली पत्नी को देना चाहता था। जब दूसरी पत्नी ने यह मांग भी पूरी करने से इंकार किया, तो पति ने गुस्से में आकर उसे तीन तलाक दे दिया और घर से बाहर निकाल दिया।

### पुलिस में शिकायत दर्ज

पति के व्यवहार से परेशान होकर पीड़िता ने छत्रपति संभाजीनगर में पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई। मामले को बाद में कल्याण के बाजारपेठ पुलिस स्टेशन में ट्रांसफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी पति सोहेल शेख के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है। तीन तलाक को आपराधिक घोषित करने वाले कानून के बावजूद, ऐसी घटनाएं सामने आना चिंता का विषय है। इस मामले ने फिर से महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कानून के सख्ती से पालन की आवश्यकता को जोर दिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि वह जल्द ही इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेगी।

### अदालत में सुनवाई के दौरान मिला सांप

**मुंबई.** मुंबई के एक कोर्ट रूम से अजीबोगरीब मामला सामने आया है. जहां सुनवाई के दौरान कोर्ट में फाइलों के ढेर में एक सांप पाया गया. जिससे कोर्ट रूम में अफरा तफरी मच गई. वहीं, इसके चलते कुछ देर के लिए कार्रवाही भी बाधित रही और जज भी कुर्सी छोड़कर खड़े हो गए. पूरा मामला मंगलवार का बताया जा रहा है. एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक मुलुंड में मजिस्ट्रेट कोर्ट के रूम नंबर 27 में दोपहर तक सामान्य कामकाज चल रहा था. इसी बीच एक पुलिसकर्मी फाइलों को सुनवाई के दौरान खंगालने लगा. तभी उसने फाइल में 2 फुट लंबा सांप देखा. जिसके बाद उसने फाइल फेंक दिया.

# नवी मुंबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अवैध रूप से रह रहे 8 महिलाओं समेत 10 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पुलिस ने भारत में अवैध रूप से रह रहे 10 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है. इनमें आठ महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं. अपराध शाखा की मानव तस्करी विरोधी इकाई ने वाशी और खारघर क्षेत्रों में छापेमारी के दौरान इन लोगों को पकड़ा है. पुलिस ने मंगलवार को इस कार्रवाई की जानकारी दी है. नवी मुंबई पुलिस के प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बांग्लादेशी पुरुष आमतौर पर मजदूर के रूप में काम करते हैं, जबकि महिलाएं घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं.



न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार बांग्लादेशी पुरुष और महिलाएं साल 2023 से अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं.

वे भारतीय नागरिकता या यात्रा दस्तावेजों का कोई सबूत पेश करने में विफल रहे. अधिकारी ने कहा, उनमें से कुछ कई वर्षों से अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं. पासपोर्ट अधिनियम और विदेशी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत खारघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. मामले में आगे की कार्रवाई की ज रही है.

वहीं, नवी मुंबई पुलिस अब गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में प्रवेश प्रक्रिया और अन्य नेटवर्क की जांच कर रही है, ताकि अवैध प्रवास के पूरे मामले का खुलासा किया जा सके. अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों से ऐसे मामलों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की है.

# भिवंडी में श्रीमद् भागवत की कथा के अंतिम दिन उमड़ी भक्तों की भारी भीड़



▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** कनेरी स्थित श्री राम कंपाउंड में विगत 7 दिनों से हो रही श्रीमद् भागवत की दिव्य कथा में व्यास पीठ पर विराजमान काशी वासी पंडित श्याम मुरारी जी महराज ने श्री कृष्णा और सुदामा की मित्रता की कथा सुनाते हुए भक्तों को बताया कि दोनों सखाओं की मित्रता संपूर्ण युग में बेमिसाल है.उन्होंने कलयुग में की जाने वाली मित्रता को वर्णित करते हुए कहा कि आज के समय में प्रेमभाव व मित्रता कम स्वार्थ अधिक दिखाई पड़ रहा है.आज लोग गरीब रिश्तेदारों को दरकिनार कर धनवानों को मित्र बनाने में लगे रहते हैं.जिस तरह से भगवान श्री कृष्ण अपने दरिद्र हो चुके ब्राह्मण मित्र को आदर से लाकर अपने राज सिंहासन पर बिठा कर उसके पांव स्वयं धोते है, उस समय उनके आंखों से गिरे आंसू भी गरीब सुदामा के पांव पखार रहे थे. अपने मित्र को राज पाठ देकर मालामाल भी कर दिया.ऐसा उदाहरण पूरे ब्रह्मांड में नहीं मिलता.

कथा के अंतिम दिन पंडाल में भक्तों की भारी भीड़ जमा हो गई. पूरा पंडाल खचाखच भरा हुआ था. काफी संख्या में महिलाएं और पुरुष खड़े होकर कथा का श्रवण कर रहे थे.कथा के बीच में निकाली गई सुदामा की झांकी को देखकर और भजनों को सुनकर लोग मंत्र मुग्ध हो गए थे.कथा के अंतिम दिन यज्ञ और हवन का कार्यक्रम मंत्रोचार के द्वारा किया गया. कथा में भिवंडी शिवसेना नेता व पूर्व जेष्ठ नगरसेवक संतोष शेट्टी, भाजपा जेष्ठ नेता पूर्व नगरसेवक बासु अन्ना नाडार, उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था अध्यक्ष कृष्णगोपाल सिंह दादा ठाकुर, श्रीराज़ सिंह,पत्रकार संजय दुबे, सुजीत सिंह, नीलम तिवारी,भाजपा जिला सचिव अजीत ठाकुर सहित मुंबई के उपनगरों से पधारे अनेक गणमान्य लोगों ने कथा स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. उत्तर भारतीय सेवा समिति अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, कार्याध्यक्ष शिवचंद केशरवानी, उपाध्यक्ष विजय मिश्रा, उपाध्यक्ष राकेश केशरवानी, कोषाध्यक्ष श्याम केसरवानी,राजू केसरवानी, महासचिव अजीत ठाकुर सहित अन्य संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ द्वारा कथा को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की गई.

### मुंबई की इमारत में लगी आग, बुजुर्ग महिला अस्पताल में भर्ती

**मुंबई.** बांद्रा इलाके में सोमवार की देर रात 15 मंजिला इमारत के एक अपार्टमेंट में आग लग गई। नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद दमकल कर्मियों ने सीढ़ियों का उपयोग कर इमारत से नौ लोगों को बचा लिया, जबकि परिसर में 80 वर्षीय एक महिला बेहोश पाई गई और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

निगम के एक अधिकारी ने बताया कि बांद्रा (पश्चिम) स्थित फॉर्च्यून एन्क्लेव इमारत की छठी मंजिल पर स्थित फ्लैट में देर रात करीब एक बजे आग लग गई। सूचना मिलने के बाद दमकल की चार गाड़ियों समेत अन्य अग्निशमन उपकरण घटनास्थल पर भेजे गए। अधिकारी ने बताया कि करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। नगर निगम के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सिरा परयानी (80) इमारत की आठवीं मंजिल पर बेहोशी की हालत में मिलीं।

# भिवंडी के बीएनएन कॉलेज में स्नेह सम्मेलन सम्पन्न




**भिवंडी.** विद्यार्थी जीवन में की गई कड़ी मेहनत जीवन को सफल बनाती है. शिक्षक का एकमात्र उद्देश्य छात्रों का विकास करना होना चाहिए. पद्मश्री अन्नासाहेब जाधव ने हमें भिवंडी में ज्ञान गंगा प्रदान की है. उक्त उद्गार मुंबई विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव अशोक घुले ने व्यक्त किये. वे बीएनएन कालेज में एक मैत्रीपूर्ण सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे. उक्त अवसर पर समारोह अध्यक्ष संस्था सचिव एड रोहित जाधव, उपाध्यक्ष श्रीराम भोईर, महासचिव आर.एन पिंजारी, नारपोली पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक भरत कामत, उद्योगपति फैयाज मुल्ला, भिवंडी ब्लड बैंक के डॉ.जावेद शेख कॉलेज प्राचार्य डॉ.अशोक वाघ, उप प्राचार्य डॉ. सुधीर निकम, डॉ.सुरेश भदरगे, डॉ. निनाद जाधव, डॉ.सुवर्णा रावल, प्रबंधक नरेश शिरसाले, डी.एल अहिरे, डॉ. शशिकांत म्हलुंकर, पर्यवेक्षक एम.ओ. महाले, प्रो.चंद्रकांत म्हात्रे और अन्य उपस्थित थे.

अशोक घुले ने आगे विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, संस्थान की ओर से महाविद्यालय में विद्यार्थियों को अच्छी शैक्षणिक सुविधाएँ मिल रही हैं. विद्यार्थियों को इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए और कड़ी मेहनत करके अपना जीवन सफल बनाना चाहिए. संस्था सचिव एड. रोहित जाधव ने कहा कि संस्था अध्यक्ष विजय जाधव और कार्यकारी अध्यक्ष बालकृष्ण काले हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. मैत्रीपूर्ण बैठक को सफल बनाने के लिए कॉलेज के प्रोफेसरों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की. कार्यक्रम का संचालन ज्योति घनघाव एवं विद्या दास ने किया

# साहित्यकार और नाटककार मंघाराम मलकानी की 128वीं जयंती मनाई

**मुंबई.** सिंधी भाषा के मूर्धन्य साहित्यकार और नाटककार मंघाराम उधाराम मलकानी की 128वीं जयंती बांद्रा (पश्चिम) स्थित एम.एम.के.कालेज ऑफ कामर्स एंड इकोनोमिक्स में मनायी गई। इस अवसर पर स्वर्गीय सिंधी विद्वान मंघाराम उधाराम मलकानी के सिंधी भाषा के लिए दिए गए अमूल्य योगदान के मद्देनजर उनके नाम पर एम.एम.के.कालेज में विशेष रूप से सिर्फ सिंधी साहित्य की पुस्तकों की लायब्रेरी का उद्घाटन हैदराबाद सिंध नेशनल कालेजिएट बोर्ड के ट्रस्टी किशू मनसुखानी ने करते हुए कहा कि मलकानी जी विरासत को आगे बढ़ाते हुए सिंधी भाषा को बढ़ावा देने के लिए उनका बोर्ड सदैव तत्पर है, था और रहेगा।



**बांद्रा स्थित एम.एम.के.कालेज में निर्मित लायब्रेरी का उद्घाटन करते हुए हैदराबाद सिंध नेशनल कालेजिएट बोर्ड के ट्रस्टी किशू मनसुखानी और प्रिंसिपल डॉ.किशोर पेशोरी व अन्य सिंधी साहित्य प्रेमी।**

इस संकल्पना के प्रणेता एम.एम.के.कालेज के प्राचार्य डॉ.किशोर पिशोरी ने कहा कि इस लायब्रेरी का सदुपयोग सिंधी साहित्य के शोध छात्रों और सिंधी भाषा की समृद्धि के लिए होगा। इस अवसर पर गायत्री लखियानी चावला, सुशील गजवानी और बरखा खुशलानी समेत अनेक सिंधी विद्वान मौजूद थे।

# SST महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय आवासीय शिविर का उत्साहपूर्ण शुभारंभ






**उल्हासनगर.** 'नॉट मी, बट यू' इस आदर्श वाक्य को अपनाने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों में नेतृत्व कौशल, व्यक्तित्व विकास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से सात दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष एस एस टी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विद्यार्थीयोके के लिए यह शिविर बदलापुर के पास जांभलीघर स्थित आरोग्य योगा और नेचुरोपैथी सेंटर में आयोजित किया गया है।

इस सात दिवसीय आवासीय शिविर का उद्घाटन राहटोली ग्रुप ग्राम पंचायत की सरपंच राजश्री रेवाली, उपसरपंच सुधीर गायकवाड़, सदस्य सविता गायकवाड़ और रूपेश रेवाली, प्रसिद्ध उद्योगपति मिलिंद धारवाड़कर, आरोग्य योगा और नेचुरोपैथी सेंटर के संचालक डॉ. विजय कुकरेजा, एसएसटी महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. दीपक गवादे, प्रा. देविदास जलकोटे, उपप्राचार्य और राष्ट्रीय सेवा योजना के ठाणे जिला समन्वयक प्रा. जीवन विचारे, कार्यक्रम अधिकारी प्रा. मयूर माथुर, प्रा. दीपाली चव्हाण और प्रा. नेहा तेलानी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस शिविर के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही, विद्यार्थी विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भी भाग लेंगे।

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

## आम सूचना

मैं श्री उद्धवदास कुंदनमल रोहरा सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 1687 व 1698 के पास, रुम नं. 12, सेक्शन 25, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 48सीओ010580700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती स्नेहा रतन चुग के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 19.5.2021 सी.नं. 18 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री उद्धवदास कुंदनमल रोहरा**

## आम सूचना

मैं श्री सुनील असरदास तलरेजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि बैरक नं. 1576, रुम नं. 7, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 46सीआय018804700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रानी शंकर रामचंदानी और अन्य से रिलीज डीड दि. 23.12.2024 सी.नं. 315 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री सुनील असरदास तलरेजा**

## ‘पुष्पा-2’ की सफलता को लेकर रश्मिका मंदाना बोलीं

# यकीन था कि फिल्म हिट साबित होगी, लेकिन नतीजों ने सभी को चौंका दिया



फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' की सफलता ने रश्मिका मंदाना को एक नई पहचान दी है। जहां फिल्म के आंकड़े बॉक्स ऑफिस पर नए कीर्तिमान बना रहे हैं, वहीं रश्मिका इसे एक जिम्मेदारी के रूप में देखती हैं। बता दें, फिल्म ने अब तक 1500 करोड़ का आंकड़ा पार किया है।

हाल ही में एक इंटरव्यू में रश्मिका ने फिल्म की सफलता, अपनी परफॉर्मेंस और इंडस्ट्री में अपनी ग्रोथ के बारे में खुलकर बात की।

'पुष्पा 2' को लेकर रश्मिका और पूरी टीम ने बहुत मेहनत की थी। इस पर बात करते हुए रश्मिका ने कहा, 'फिल्म के पार्ट 2 के लिए कुछ अलग से करना नहीं पड़ा। हमें पता था कि ये वर्ल्ड कैसा है, किरदार किस तरह बात करते हैं और उनके मूवमेंट्स थोड़े अलग होते हैं। हमें हमेशा से ये सब मालूम था। चैलेंज बस यही था: इसे पार्ट 1 से बेहतर बनाना। इसे और रॉ और बड़ा बनाना था। हम हमेशा से फिल्म को बड़ा बनाना चाहते थे और यही हमने डिलीवर किया।

सच कहूं तो हमें यकीन था कि ऑडियंस को यह फिल्म पसंद आएगी, लेकिन इतना बड़ा होगा, इसका अंदाजा नहीं था। हर बार हम यही कहते थे कि हमें अपने क्राफ्ट पर विश्वास है और यह बड़ा होगा। यकीन था कि फिल्म हिट साबित होगी, लेकिन नतीजों ने सभी को चौंका दिया। ऐसा लग रहा है, 'यह क्या हो रहा है?' हम अपने फैंस और ऑडियंस के बहुत आभारी हैं।'

उल्हास विकास NEWS LIVE FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985

Late Shri. ASHOK U. BODHA
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099